चर्चा पत्र

माह जुलाई , अगस्त –2016

विषय – हिन्दी

नोट – बच्चों को खुले छोर वाले प्रश्न देवें जिससे बच्चों के भाषायी कौशलों का विकास हो। इस तरह के प्रश्नों में प्रत्येक बच्चे के अपने –अपने विचार होते है अतः एक समान उत्तरों की आशा न करें न ही शिक्षक इसे स्वयं लिखवाए।

कक्षा छठवीं

- यदि युद्ध में शत्रु सैनिक पर दया न दिखाना राष्ट्रधर्म है तो युद्ध समाप्ति के पश्चात उसी शत्रु सैनिक को पानी पिलाना मानव धर्म माना जाता है ऐसा क्यों ? आप अपने विचार लिखिए?
- ईश्वर अल्लाह तेरे नाम, सबको सन्मति दे भगवान। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के इस भजन में कौन सा भाव छिपा हुआ है अपने विचार लिखिए?
- जिस तरह एक माला में कई तरह के फूल गूंथकर सुन्दर हार बनाया जाता है उसी तरह हमारा देश भी एक सुन्दर माला के समान है इस कथन का क्या आशय है?
- पश्चाताप या क्षमा पर एक कहानी लिखिए।
- शरीर के अंगों पर आधारित मुहावरों लिखकर उसका वाक्य में प्रयोग करो ।

कक्षा सातवीं–

- सार्वजनिक हित से आप क्या समझते है? उदाहरण सहित समझाओ?
- यदि कोई गरीब आपसे सहायता मांगे तो आप उसकी मदद किस प्रकार करेगें लिखिए?
- अपने धर के सदस्यों से पता कर लिखिए कि वे वर्षा ऋतु आने से पहले क्या –क्या तैयारियां करते है।?
- पं. दीनानाथ बहुत दयालू सेठ है वे रोज दुकान जाते समय भीख मांगते बच्चों /बड़ों को एक –एक रूपया देते है ?क्या आप उनके इस कार्य से सहमत है यदि हां तो क्यों और नहीं तो क्यों नहीं,
- वर्षा ऋतु के दृश्य को याद कर एक चित्र बनाइए और अपने पोर्टफोलियो में रखिए?

कक्षा आठवीं –

- दिए गए शब्दों से एक कविता बनाइए–

  कल–कल, छल–छल, सूरज ,नदियां , तप–तप ,पक्षी, स्नेह, मोर, छम–छम, जागो।
- रहीम एवं कबीर के दोहे का संकलन कक्षा में सुनाओ?
- बोलना भी एक कला है इस पर अपने विचार व्यक्त किजिए ?
- पर्यावरण पर आधारित स्लोगन लिखो?

––––––––––––0000––––––––––

विद्या डांगे